सुविचार

गीत व्यक्ति के मर्म का आह्वान करने में मदद करता है। और बिना गीत के, मर्म को छूना मुश्किल है।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 11 | पंचकूला। रविवार, 15 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नज़र

### महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का विशेष महत्व- सम्पूर्णानंद ब्रह्मचारी



**पंचकूला.** भगवान शिव के पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में रुद्राभिषेक को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। श्री श्री 108 तपोनिष्ट अग्निहोत्री सम्पूर्णानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि रुद्राभिषेक भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अत्यंत प्रभावी और पुण्यदायी अनुष्ठान है। इस दिन विधि-विधान से रुद्राभिषेक करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि 'रुद्र' भगवान शिव का एक प्रसिद्ध नाम है और 'अभिषेक' का अर्थ है पवित्र स्नान कराकर पूजा-अर्चना करना। रुद्राभिषेक में शिवलिंग पर जल, दूध, घी, शहद, पंचामृत आदि अर्पित कर मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की जाती है। शास्त्रों में वर्णित है— रुतम्-दु:खम् द्रावयति-नाशयतीति रुद्र अर्थात भगवान शिव भक्तों के दुखों का नाश करते हैं। सम्पूर्णानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि रुद्राभिषेक करने से कुंडली के अशुभ दोषों का शमन होता है और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। पुत्र प्राप्ति, धन-संपत्ति, सुख-शांति और आरोग्य के लिए विशेष रूप से यह अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा और विश्वास के साथ किया गया रुद्राभिषेक भक्तों को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने आगे बताया कि यद्यपि भगवान शिव की आराधना प्रतिदिन की जा सकती है, किंतु श्रावण मास, सोमवार, प्रदोष, अमावस्या, पूर्णिमा, शिवरात्रि तथा विशेष रूप से महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। विभिन्न कामनाओं की पूर्ति हेतु अलग-अलग पदार्थों से रुद्राभिषेक का विधान बताया गया है। सुख-शांति के लिए जल, मनोकामना पूर्ति के लिए पंचामृत, धन-वृद्धि के लिए शहद व घी, पुत्र प्राप्ति के लिए दूध, शत्रु विजय के लिए सरसों का तेल, आरोग्य के लिए गाय का दूध व घी, मोक्ष के लिए तीर्थ जल, ज्ञान-बुद्धि के लिए शक्कर युक्त दूध तथा असाध्य रोगों से मुक्ति के लिए कुशोदक से अभिषेक किया जाता है।

### ब्रुकफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में खेलों के माध्यम से नैतिक शिक्षा' विषय पर सीबीएसई कार्यशाला आयोजित




**कुराली.** ब्रुकफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, सिसवां रोड, कुराली में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेलों एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से नैतिक शिक्षा विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और जीवन कौशल के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम भी हैं। खेल विद्यार्थियों में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, धैर्य, निष्पक्षता और परस्पर सम्मान जैसे गुणों का विकास करते हैं, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायक होते हैं। स्कूल के प्रेसीडेंट श्री मानव सिंगला ने विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास करना है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में सीखे गए सबक जैसे हार को साहस के साथ स्वीकार करना और जीत को विनम्रता से ग्रहण करना,बच्चों को जीवन की बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। ब्रुकफील्ड स्कूल शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नैतिक एवं भावनात्मक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान शिक्षकों को भी यह प्रशिक्षण दिया गया कि वे दैनिक खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की महत्वपूर्ण सीख कैसे दे सकते हैं। ऐसे प्रयास ब्रुकफील्ड स्कूल की विश्वस्तरीय शिक्षा प्रणाली और सर्वांगीण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### फंड की कमी होने के कारण पेंशन ना मिलने पर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की

**चण्डीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्ण लाल ने स्थानीय सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में चंडीगढ़ में बुढ़ापा पेंशन, विकलांग पेंशन और विधवा पेंशन ना मिलने और पेंशन बढ़ाने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए चंडीगढ़ में फंड की कमी होने के कारण पेंशन ना मिलने पर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की है। कृष्ण लाल ने कहा कि कई बुजुर्ग विधवा औरतें और विकलांग लोग सिर्फ पेंशन पर ही निर्भर हैं, पेंशन ना मिलने के कारण कई लोग आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे हैं, वे रोजमर्रा की दवाइयाँ और राशन ना खरीदने के लिए आर्थिक तंगी से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ तो भाजपा सरकार कई बड़े-बड़े घरानों के कई हजारों करोड़ रुपए के कर्जे माफ कर रही है।

# नियमित ध्यान, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच से अनेक रोगों से बचाव संभव : आचार्य मनीष






पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला.** स्वास्थ्य और अध्यात्म के संगम का भव्य आयोजन विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व जीना सीखो के सहयोग से बीकेएम विश्वास स्कूल, सेक्टर-9 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी की गाइडिड मैडिटेशन से हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास व जीना सीखो के संस्थापक आचार्य मनीष उपस्थित रहे। आचार्य मनीष ने आयुर्वेद और मैडिटेशन के माध्यम से रोगों के स्थायी समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि व्यक्ति यदि अपनी दिनचर्या, आहार-विहार और मानसिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन कर ले तो गंभीर से गंभीर बीमारियों को भी पराजित किया जा सकता है।


उन्होंने यह भी समझाया कि सही डाइट, प्राकृतिक जीवनशैली और आत्म-अनुशासन अपनाकर अनेक रोगों को रिवर्स करना संभव है। आचार्य मनीष ने कहा कि आज के समय में बीमारी का इलाज ढूंढने से अधिक आवश्यक है — बीमारी को होने से पहले ही रोकना। इसी उद्देश्य से वे देशभर में अपने 150 से अधिक आयुर्वेदिक क्लीनिकों, पंचकर्म एवं प्राकृतिक आहार-संस्कृति के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं, ताकि समाज रोग-मुक्त जीवन की ओर बढ़ सके।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को समझने तथा नियमित मेडिटेशन करने की प्रेरणा मिली।

सभी प्रतिभागियों ने सत्र को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने मैडिटेशन के बारे में बताया की ध्यान हमारे जीवन को शारीरिक मानसिक व नैतिक रूप से सशक्त बनाता है।

उन्होंने सभी अभिभावकों को निवेदन किया की बच्चों को 15 मिनट का ध्यान रोजाना करवाएं और आज के समय में बच्चों और युवाओं के दिनचर्या में असंतुलन एवं जंक फूड का खानपान ये शरीर को मानसिक रूप से तनाव में लाता है। नियमित ध्यान, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच से अनेक रोगों से बचाव संभव है। अमरटेक्स के सीएमडी अरुण ग्रोवर ने साध्वी नीलिमा विश्वास व आचार्य मनीष का धन्यवाद किया की इस तरह के कार्यक्रम हम सबके जीवन को ऊंचा उठाने के लिए बहुत लाभदायक है। इससे हम स्वस्थ व आध्यात्मिक दोनों हो सकते हैं। सैंक?ों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया व अपने सेहत और बिमारियों से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर पाकर अपनी जिज्ञासा शांत की।

## विदेश में बैठे गैंगस्टर ने दी पंजाबी एक्ट्रेस हिमांशी को धमकी, 10 करोड़ की मांगी फिरौती

**मोहाली.** पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने मोहाली पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्हें विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर ने धमकी देते हुए 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। मोहाली पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि खुराना ने अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त जबरन वसूली के ईमेल के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शनिवार को सोहाना थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(4) (जबरन वसूली) और 351(3) (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक (जांच) सौरभ जिंदल ने कहा, शिकायत के अनुसार, ईमेल के साथ एक ऑडियो संलग्न किया गया था जो कथित तौर पर विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर द्वारा भेजा गया था। इसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



## औद्योगिक जगत में सम्मान और सौहार्द की मिसाल अरुण ग्रोवर ने के.डी. सिंह को भेंट किया सम्मान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वार्षिक सम्मेलन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शामिल न हो पाने वाले अल्केमिस्ट ग्रुप के संस्थापक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह (कंवर दीप सिंह) को आज विशेष रूप से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया गया। अमार्टेक्स ग्रुप के सीएमडी एवं उद्योगपति अरुण ग्रोवर ने शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री डी.पी. सिंगल जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अरुण ग्रोवर ने कहा कि के.डी. सिंह जैसे दूरदर्शी उद्योगपति और



जनप्रतिनिधि ने स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स, रियल एस्टेट और चाय उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन उद्योग जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह मुलाकात औद्योगिक जगत में आपसी सम्मान, सहयोग और सकारात्मक संबंधों की सशक्त मिसाल रही।

# चंडीगढ़ को मिली 25 नई अत्याधुनिक फुली एसी इलेक्ट्रिक बसें, महिलाओं की सुरक्षा पर खास फोकस

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ को 'पीएम ई-बस सेवा योजना' के तहत 25 नई अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं। इन बसों में महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पैनिक बटन और सीसीटीवी लगाए गए हैं। साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए ऑटोमैटिक रैंप और लो-फ्लोर डिजाइन (400 मिमी) की सुविधा दी गई है, जिससे चढ़ना-उतरना आसान होगा। 15 मीटर लंबी ये फुली एसी बसें एक बार फुल चार्ज होने पर 224 किलोमीटर तक चल सकती हैं। इनमें 36 बैठने और 20 खड़े यात्रियों की क्षमता है। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और स्टॉप के लिए पुश बटन लगाए गए हैं। केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के लिए कुल 100 ई-बसों को मंजूरी दी है। पहली खेप में 25 बसें पहुंच चुकी हैं, जबकि 25 और फरवरी के अंत तक तथा शेष 50 बसें मार्च-अप्रैल तक आने की उम्मीद है। नवंबर 2025 में 85 पुरानी डीजल बसों को हटाने के बाद पैदा हुई कमी को ये बसें पूरा करेंगी। प्रशासन का लक्ष्य प्रमुख रूटों पर हर 10 मिनट में बस उपलब्ध कराना है, ताकि ट्राइसिटी के यात्रियों को बेहतर और प्रदूषण मुक्त सफर मिल सके।



**सुविधा** | रेल मंत्रालय की तीन बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी

## दिल्ली-अंबाला तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 5,983 करोड़ की मंजूरी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स ने रेल मंत्रालय की तीन बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 18,509 करोड़ है। इन परियोजनाओं में कसारा-मनमाड तीसरी और चौथी लाइन, दिल्ली-अंबाला तीसरी और चौथी लाइन, बल्लारी-होसापेटे तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। दिल्ली-अंबाला 194 किलोमीटर लंबी परियोजना की लागत 5,983 करोड़ होगी। इसे यात्री सुविधाओं और सैन्य बलों की आवाजाही के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि यह परियोजना दिल्ली से सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र और हरियाणा के अन्य जिलों के रास्ते जम्मू तक सैनिकों की आवाजाही के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। इससे दिल्ली-चंडीगढ़ और आगे जम्मू मार्ग पर यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। परियोजना को चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है और इसके लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्री के अनुसार एक बड़ा पुल और 28 अन्य पुलों का निर्माण होगा। मार्ग में पुराने पुलों का पुनर्वास भी किया जाएगा। इससे हर साल लगभग 43 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। परियोजना से 132 लाख मानव-दिवस का रोजगार सृजित होगा। कैबिनेट नोट के अनुसार, इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से भारतीय रेलवे की परिचालन क्षमता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये तीनों परियोजनाएं दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के 12 जिलों को कवर करेंगी और भारतीय रेलवे नेटवर्क में लगभग 389 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी। शुक्रवार को हुई विशेष कैबिनेट बैठक, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने साउथ ब्लॉक कार्यालय में की, के बाद सरकार ने औपनिवेशिक काल की इमारतों को खाली कर आधुनिक परिसरों 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन' में स्थानांतरित होने का निर्णय लिया।

### शहरी कायाकल्प के लिए एक लाख करोड़ के कोष को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। सरकार ने कहा कि यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है।

## फोर्टिस में पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की सफल सर्जरी, अस्पताल से हुए डिस्चार्ज



**चंडीगढ़.** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह को मोहाली के एक निजी अस्पताल में घुटने की रिप्लेसमेंट (प्रत्यारोपण) सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मोहाली फोर्टिस अस्पताल ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सिंह का 10 फरवरी को घुटने का सफल ऑपरेशन हुआ था। इसमें कहा गया है कि हड्डी रोग निदेशक डॉ. हरसिमरन सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने यह प्रक्रिया संपन्न की। डॉ. हरसिमरन सिंह ने कहा, कैप्टन अमरिंदर सिंह की सर्जरी के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई और ऑपरेशन के बाद वह जल्दी ठीक हो गए। ऑपरेशन के बाद उन्हें चलने में कोई दर्द नहीं था और उन्हें मोहाली फोर्टिस अस्पताल से संतोषजनक स्थिति में छुट्टी दे दी गई।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस पर चंडीगढ़ में निकाली वाहन संकीर्तन यात्रा

चंडीगढ़ = श्री योग वेदांत सेवा समिति और युवा सेवा संघ, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर शहर में वाहन संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा दोपहर 12 बजे सेक्टर-23 स्थित मंदिर परिसर से शुरू होकर सेक्टर-23, 22, 21, 20, 30, 29, ट्रिब्यून चौक तथा अन्य प्रमुख मार्गों से होती हुई धनास क्षेत्र में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज को पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना तथा माता-पिता के सम्मान का संदेश देना था। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए।

## एक नजर

### भाजपा नेता की लाश पटियाला में भाखड़ा नहर से बरामद, 3 दिन पहले हुए थे लापता

**पटियाला.** पटियाला के वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मंगला की लाश शुक्रवार को भाखड़ा नहर से बरामद कर ली गई है। वे पिछले तीन दिनों से लापता थे। घटना पटियाला-समाना रोड पर धनेठा गांव के पास हुई, जहां गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अनिल मंगला मंगलवार शाम से गायब थे। उनकी तलाश में पुलिस ने भाखड़ा नहर के आसपास छापेमारी की थी। दो-तीन दिन पहले पटियाला-समाना रोड पर भाखड़ा नहर के किनारे उनका स्कूटर, जैकेट और जूते बरामद हुए थे, जिसके बाद नहर में कूदने या डूबने की आशंका जताई गई थी। भोले शंकर डाइवर क्लब के गोताखोर टीम के प्रधान शंकर भारद्वाज ने शव मिलने की पुष्टि की। डाइविंग टीमों ने लगातार सर्च अभियान चलाया, जिसमें शुक्रवार को अनिल मंगला का शव नहर से निकाला गया। पुलिस ने बताया कि शव की पहचान हो चुकी है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह आत्महत्या थी, हादसा या कोई अन्य मामला। पुलिस ने मामले में कोई संदिग्ध गतिविधि की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस को अब पंजाबी साँप और नेवले दिखने लगे : प्रीत पाल सिंह बलियावाल

**चंडीगढ़.** पूर्व स्पीकर और कांग्रेसी नेता राणा के.पी. द्वारा पंजाबियों को लेकर दिए गए बयान के बाद पंजाब की सियासत गरमा गई है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलियावाल ने कहा कि पंजाबियों की तुलना सांप और नेवले से करना कांग्रेस की घटिया सोच को दर्शाता है। बलियावाल ने इस बयान पर ट्वीट करते हुए लिखा कि राणा जी पर भी लगता है संगत का असर हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं द्वारा कभी दलितों के बारे में, कभी सिखों के बारे में, कभी पंजाबियों को गद्दार कहना और अब पंजाबियों के बारे में की गई यह घटिया टिप्पणी कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने पंजाब कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस जवाब दे क्या अब पंजाबियों को आप सांप और नेवला समझने लगे हैं? बलियावाल ने कहा कि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान के झूठे नारे लगाती है, लेकिन वास्तव में कांग्रेसी नेताओं के मन में दलितों, सिखों और पंजाबियों के प्रति केवल नफरत भरी हुई है। उन्होंने मांग की कि राणा के.पी. सिंह अपने बयान पर तुरंत पंजाबियों से माफी मांगें। साथ ही बलियावाल ने पंजाब सरकार से आगामी बजट में कांग्रेसी नेताओं के इलाज के लिए विशेष फंड रखने की मांग की, जिनकी बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है।

### पंजाब को खेलों में सिरमौर बनाने की तैयारी, खेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिल ने पंजाब के राज्यपाल एवं वित्त मंत्री से की भेंट



**चंडीगढ़.** आज महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब खेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पुष्पिंदर सिंह गिल ने आज पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की, जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्रथम बैठक में डॉ. गिल ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया तथा शैक्षणिक ढांचे, आधारभूत संरचना और संस्थागत विकास का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के तीव्र विकास और राज्य के प्रमुख खेल विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विस्तृत तीन वर्षीय कार्ययोजना भी प्रस्तुत की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की और खेल शिक्षा, अनुसंधान तथा आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने और पंजाब को खेलों में उत्कृष्टता का अग्रणी केंद्र बनाने पर बल दिया। इससे पूर्व, डॉ. गिल ने पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा से भी भेंट की और राज्य को खेल शिक्षा, अनुसंधान तथा उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण का केंद्र बनाने के विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण से अवगत कराया। उन्होंने विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना के विकास, प्रशिक्षण सुविधाओं के आधुनिकीकरण, खेल विज्ञान विभागों को सुदृढ़ करने तथा कोचिंग और खिलाड़ियों के प्रदर्शन मूल्यांकन में उन्नत तकनीकों के समावेशन सहित प्रमुख रणनीतिक पहलों का विवरण प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री ने इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने दोहराया कि युवाओं को रचनात्मक और उत्पादक गतिविधियों से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। खेलों को बढ़ावा देने से न केवल शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित होती है। डॉ. गिल ने दोनों गणमान्य व्यक्तियों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रस्तावित कार्ययोजना को चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से लागू करने हेतु राज्य सरकार के साथ समन्वय में कार्य करेगा। उन्होंने खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने, शैक्षणिक मानकों को सुदृढ़ करने तथा पंजाब की युवा शक्ति की अपार क्षमता को सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रवाहित करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 22 किलो हेरोइन के साथ चार गिरफ्तार

**फिरोजपुर।** पंजाब की फिरोजपुर पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत शनिवार को नशीले पदार्थों और हथियारों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन और हथियार बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि एक बड़ी सफलता में फिरोजपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों और हथियारों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 22 किलोग्राम हेरोइन, 2 ग्लॉक पिस्तौलें (मैगजीन और कारतूस सहित), एक कार और 2.05 लाख रुपए की नशीले पदार्थों की रकम बरामद की। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे और पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पंजाब पुलिस भारत में नशीले पदार्थों के नेटवर्क को खत्म करने और पूरे पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले 12 फरवरी को पंजाब पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की।

## 9वें दिव्य कला मेले का भव्य आगाज़, गरिमा और आत्मनिर्भरता का उत्सव

# दिव्यांग उद्यमियों के सशक्तिकरण, रोजगार और समावेशी विकास पर जोर

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** यह मात्र प्रदर्शनी नहीं, बल्कि गरिमा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का उत्सव है। इन प्रभावशाली शब्दों के साथ डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, ने आज चंडीगढ़ के एग्ज़ीबिशन ग्राउंड में 29वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मेले को एक परिवर्तनकारी अभियान बताते हुए कहा कि यह देश भर के दिव्यांगजनों के जीवन में आशा की नई किरण बनकर उभरा है और समावेशी विकास तथा समान अवसर के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साल 2014 के बाद सशक्तिकरण की यात्रा का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपमानजनक शब्दावली से हटकर दिव्यांग जैसे सम्मानजनक शब्द का प्रयोग केवल भाषा का परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का परिवर्तन था। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 का लागू होना, दिव्यांगता की श्रेणियों का विस्तार तथा 'सुगम्य भारत अभियान' के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को सुलभ बनाने के प्रयासों ने गरिमा, पहुंच और सहभागिता की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्चा सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन और आत्मनिर्भरता से सुनिश्चित होता है। दिव्य कला मेला इसी सोच का साकार रूप है, जो दिव्यांग



कारीगरों और उद्यमियों की प्रतिभा को सीधे बाजार से जोड़ता है। सतनाम सिंह संधू, माननीय राज्यसभा सांसद, ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप दिव्यांगजनों को सम्मान देना एक ऐतिहासिक कदम है। हालांकि उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सम्मान के साथ सशक्तिकरण आवश्यक है। रोजगार और आत्मनिर्भरता के बिना गरिमा अधूरी है, उन्होंने कहा और दिव्य कला मेला जैसे मंचों की सराहना की, जो विशेषकर दूर-दराज़ के दिव्यांग युवाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित और विपणन करने का अवसर प्रदान करते हैं। श्री सौरभ जोशी, चंडीगढ़ के महापौर, ने इस अवसर को प्रतिभा, आत्मविश्वास और मानवीय क्षमता का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में दिव्य कला मेला, दिव्य कला शक्ति और रोजगार मेले का आयोजन समावेशन के प्रति शहर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यह संदेश देता है कि दिव्यांगता कोई सीमा नहीं, बल्कि विशिष्ट क्षमता की पहचान है। अपने स्वागत भाषण में श्री राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (छ्श्वक्क2छ्), ने इस पहल के ठोस आर्थिक प्रभाव को रेखांकित किया। पिछले तीन वर्षों में विभिन्न शहरों में आयोजित दिव्य कला मेलों के माध्यम से ?2366.43 लाख का उल्लेखनीय व्यापार दर्ज किया गया है, जो दिव्यांग उत्पादों की बढ़ती बाजार स्वीकृति और उद्यमशीलता की क्षमता को प्रमाणित करता है। उन्होंने कहा कि ये मेले केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि आर्थिक समावेशन और आत्मनिर्भरता के सशक्त माध्यम हैं। चंडीगढ़ में आयोजित 29वें दिव्य कला मेले में श्रीमती अनुराधा एस. चगती, सचिव, सामाजिक कल्याण एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़; श्री विनीत राणा, मुख्य महाप्रबंधक, ह्रछ्स्न्रछ्छ्; श्री एम. के. साहू, सहायक महाप्रबंधक, ह्रछ्स्न्रछ्छ् सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अब तक देश के 28 स्थानों पर दिव्य कला मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें लगभग 2,362 दिव्यांग उद्यमियों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से ?23 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की — जो समावेशी उद्यमिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन मेलों के माध्यम से सरकार ने दिव्यांग उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु ?20 करोड़ से अधिक के ऋण भी स्वीकृत किए हैं। साथ ही आयोजित रोजगार मेलों में अब तक 3,131 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 1,007 प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 313 से अधिक को रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। चंडीगढ़ मेले में लगभग 75 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें दिव्यांग उद्यमियों के साथ-साथ भारत सरकार की संस्थाओं और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी है। 19 फरवरी 2026 को दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। आगंतुक उपकरणों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि विभिन्न संस्थाएँ सशक्तिकरण से संबंधित नवाचार और नई पहलों का प्रदर्शन कर रही हैं। बोच्चिया, ब्लाइंड क्रिकेट जैसे समावेशी खेलों तथा प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मेला जीवंत बना हुआ है। 21 फरवरी 2026 को दिव्य कला शक्ति शीर्षक से विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी। चंडीगढ़ में आयोजित यह मेला केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक सशक्त आंदोलन है — जो यह संदेश देता है कि जब दिव्यांगजन आर्थिक रूप से सशक्त होते हैं, तो वे परिवार, समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बनाते हैं।

## आत्मनिर्भर और विकसित अमृतसर के लिए केंद्र ने खजाने खोल दिए : श्वेत मलिक

**अमृतसर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक ने शनिवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शहर के विकास और रेलवे परियोजनाओं को लेकर बड़े खुलासे किए। मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से %आत्मनिर्भर और विकसित अमृतसर% के सपने को साकार करने के लिए केंद्र सरकार ने खजाने खोल दिए हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से राजनीति की भेंट चढ़े अमृतसरङ्कफिरोजपुर रेलवे लिंक प्रोजेक्ट के लिए 764 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। श्वेत मलिक ने जानकारी दी कि इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए फिरोजपुर और तरन तारन के जिला प्रशासन को फंड ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि डीसी फिरोजपुर को 56 करोड़ रुपए और डीसी तरन तारन को 131 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, ताकि किसानों को उचित मुआवजा देकर जल्द से जल्द काम शुरू किया जा सके। इस रेल लिंक के बनने से अमृतसर से मुंबई की दूरी करीब 5 घंटे कम हो जाएगी और पंजाब सीधे गुजरात व राजस्थान की बंदरगाहों (कांडला पोर्ट) से जुड़ जाएगा। इससे व्यापारियों और उद्योगपतियों को माल ढुलाई में बड़ी राहत मिलेगी। मलिक ने पंजाब की मौजूदा आम आदमी पार्टी और पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों ने हमेशा केंद्रीय परियोजनाओं में बाधाएं डाली हैं। उन्होंने कहा कि जहां राज्य सरकारों ने केवल बयानबाजी की, वहीं मोदी सरकार ने पंजाब के रेलवे विकास के लिए 5,673 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। उन्होंने सतलुज नदी पर 400 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नए रेलवे पुल का भी उल्लेख किया, जिसका काम जल्द शुरू होने जा रहा है।

अमृतसर शहर के आंतरिक विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमृतसर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए काम जारी है। छेहरटा रेलवे स्टेशन पर 60 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। शहर की ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए रीगो ब्रिज को फोर-लेन किया जा रहा है, जो अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा वेरका रेलवे ओवरब्रिज और जोड़ा फाटक अंडरपास जैसे प्रोजेक्ट भी लोगों को बड़ी सुविधा दे रहे हैं। वंदे भारत के बाद अब दिल्ली-अमृतसर बुलेट ट्रेन परियोजना पर भी काम शुरू हो चुका है।

### एससी विंग के वित्त सचिव कोकरी कलां आप में शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब भाजपा एससी विंग के प्रदेश वित्त सचिव रहे सरदार अमरजीत सिंह कोकरी कलां आज औपचारिक रूप से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आप पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से उनका पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए चीमा ने कहा कि अमरजीत सिंह ने निहाल सिंह वाला क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाई है और उनका आप में आना मान सरकार के कामों के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि अमरजीत सिंह कोकरी कलां ने भाजपा की जन-विरोधी राजनीति और नीतियों से मोहभंग होने के बाद पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अमरजीत सिंह पंजाब में आप के शासन मॉडल, खासकर 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 10 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना से बहुत प्रभावित थे।

## 'दलित विरोधी कांग्रेस' के खिलाफ 'आप' ने पंजाब भर में किए विरोध प्रदर्शन, प्रताप बाजवा ने मंत्री ईटीओ पर की थी जातिवादी टिप्पणी

- 'आप' ने प्रताप बाजवा और कांग्रेस नेतृत्व से तुरंत माफी की मांग की
- दलित विरोधी कांग्रेस फिर हुई बेनकाब, प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस नेतृत्व बिना शर्त मांगे माफी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता




**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने कांग्रेसी नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के खिलाफ की गई शर्मनाक, जातिवादी और अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में पूरे राज्य में जोरदार प्रदर्शन किए। पार्टी ने कहा कि यह सिर्फ एक मंत्री का ही नहीं, बल्कि समूचे दलित समुदाय और अपनी रोजी-रोटी इज्जत से कमाने वाले मेहनतकश लोगों और मजदूरों का अपमान है। इन प्रदर्शनों में 'आप' नेताओं, मंत्रियों, विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने दलित-विरोधी कांग्रेस मुर्दाबाद और बाजवा मुर्दाबाद के नारे लगाए और मांग की कि बाजवा और कांग्रेस नेतृत्व दलित समुदाय और सभी मेहनतकश लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने दावा किया कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता एक बार फिर पंजाब के लोगों के सामने बेनकाब हो गई है। पन्नू ने चेतावनी दी कि पार्टी राज्य में 1किसी को भी दलितों को नीचा दिखाने या श्रमिक वर्ग के लोगों की इज्जत को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं देगी। बलतेज पन्नू ने कहा कि बाजवा की भाषा कांग्रेस पार्टी की दलितों के प्रति गहरी नफरत और हाशिए पर पड़े समुदायों को राजनीतिक अहंकार के कारण अपमानित करने के पुराने इतिहास को साफ दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जहां 'आप' शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याण में विश्वास रखती है, वहीं बाजवा जैसे कांग्रेसी नेता अभी भी उसी सामंती और जातिवादी मानसिकता में फंसे हुए हैं जिसे पंजाब बार-बार नकार चुका है। बलतेज पन्नू ने कहा कि बाजवा की टिप्पणी पंजाब के उन मेहनतकश लोगों का भी सीधा अपमान है, खासकर बैंड-बाजा बजाने वाले कलाकारों, दिहाड़ीदार मजदूरों और अन्य कलाकारों का, जो शादियों, धार्मिक समारोहों और सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान अथक मेहनत करते हैं। बलतेज पन्नू ने कांग्रेस हाईकमान को चुनौती दी कि वे स्पष्ट करें कि क्या प्रताप बाजवा की जातिवादी भाषा पार्टी की आधिकारिक सोच है? क्या कांग्रेस बाजवा की अपमानजनक टिप्पणियों के साथ खड़ी है? क्या कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सार्वजनिक रूप से उनकी निंदा करेंगे, या वे फिर से चुप रहेंगे, जैसा कि वे हमेशा दलितों पर हमले या अपमान के समय करते आए हैं? बलतेज पन्नू ने कहा कि कांग्रेस की चुप्पी ही साबित करती है कि बाजवा का बयान निजी गलती नहीं थी, बल्कि कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा और मानसिकता है। पूरे पंजाब में प्रदर्शन किए गए, जिनमें मलेरकोटला और रोपड़ में हुए बड़े प्रदर्शन शामिल हैं। यहां बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और बैंड-बाजा कलाकारों ने 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बाजवा और कांग्रेस पार्टी की दलित विरोधी सोच की कड़ी निंदा की। होशियारपुर, कपूरथला, एस.बी.एस. नगर, अमृतसर, पठानकोट, तरनतारन, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना, मोगा, मलेरकोटला, पटियाला, रूपनगर, संगरूर, बठिंडा, फाजिल्का, फिरोजपुर, मानसा, श्री मुक्तसर साहिब, बरनाला और एस.ए.एस. नगर समेत पूरे पंजाब में रोष प्रदर्शन हुए। 'आप' के मंत्रियों, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ आवाज बुलंद की। बलतेज पन्नू ने स्पष्ट किया कि पंजाब बराबरी की धरती है, जो गुरु साहिबान की शिक्षाओं और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की विचारधारा पर चलता है।

## राजपुरा में बनेगा पंजाब का पहला एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स थाना, पूरे प्रदेश की होगी मॉनीटरिंग

- पूरे पंजाब में गैंगस्टर नेटवर्क खत्म करना मुख्य लक्ष्य
- ओवरसीज फ्युजिटिव ट्रैकिंग सेल भी यहीं स्थापित होगा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पटियाला।** राजपुरा में चल रहे सीआईए स्टाफ की बिल्डिंग में अब पुलिस गैंगस्टर विरोधी कार्रवाई होगी। संगीन अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए पंजाब पुलिस ने इस बिल्डिंग को एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस थाना बनाने का फैसला किया है। एडीजीपी प्रमोद बान एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख हैं, जिनकी देखरेख में यहां पर पुलिस काम करेगी। इस विशेष थाने का कार्यक्षेत्र किसी एक जिले तक सीमित न रहकर पूरे पंजाब में होगा। एडीजीपी प्रमोद बान इस जगह पर बैठने वाले अधिकारी के बारे में जल्द ही जानकारी देंगे, फिलहाल इस बिल्डिंग को अपग्रेड करने का काम शुरू कर दिया है। पंजाब ही नहीं अन्य राज्यों में यहीं से जाएगी एजीटीएफ अधिकारियों के अनुसार राजपुरा में बनने वाला यह नया पुलिस थाना राज्य के किसी भी जिले में काम करने के लिए स्वतंत्र रहेगा और बाहरी राज्य में रेड व कार्यवाही करने के लिए जाने वाली टीम भी यहीं से तय होगी। इस थाना की वर्किंग का जिला पुलिस के साथ किसी भी तरह का संपर्क नहीं रहेगा और यहां से अधिकारी सीधे एडीजीपी को रिपोर्ट करेंगे।

पुलिस का लक्ष्य एकदम क्लियर

एजीटीएफ की टीम का मकसद केवल गैंग्सटर्स को पकड़ने तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि यह टीम मिलकर गैंग्सटर के पूरे इकोसिस्टम (सहयोगी, वित्तपोषक, हथियार सप्लायर और शरण देने वाले) तक पहुंच उन्हें भी गिरफ्तार करना है। इस बिल्डिंग में ही ओवरसीज फ्युजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्रैडिशन सेल (विदेशों में भागे अपराधियों की निगरानी और प्रत्यर्पण सेल) को स्थापित किया जाएगा। पंजाब पुलिस ने इस थाने की वर्किंग सफल करने के लिए एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर (93946-93946) भी जारी किया गया है, जहां नागरिक गुमनाम रहकर जानकारी दे सकते हैं।

### विभाजन के बाद पहली बार लाहौर कॉलेज गुरुद्वारे में हुई अरदास

**लाहौर.** पाकिस्तान के एचिसन कॉलेज परिसर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में लगभग 80 वर्षों बाद सिख अरदास आयोजित की गई। कॉलेज के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्ष 1947 के बाद से सिख विद्यार्थियों की कमी के कारण एचिसन कॉलेज बंद था, हालांकि उसका रखरखाव कॉलेज द्वारा किया जाता रहा। कॉलेज के मानद दूत डॉ. तरूणजीत सिंह बुटालिया ने बताया, बुधवार को लाहौर के मॉल रोड स्थित ऐचिसन कॉलेज परिसर के गुरुद्वारे में एक ऐतिहासिक और भावनात्मक सिख अरदास सभा आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि यह विशेष आयोजन कॉलेज की 140वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें करीब 100 लोग शामिल हुए।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए भावुक क्षण था। मेरे पिता, दादा और परदादा विभाजन से पहले जब ऐचिसन कॉलेज में छात्र थे, तब वे प्रतिदिन शाम को यहीं अरदास देते थे। उन्होंने बताया कि 140वीं वर्षगांठ समारोह के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन में उन्होंने सहयोग किया। कॉलेज के प्राचार्य हुसैन ने कहा, वर्ष 1947 के बाद ऐचिसन कॉलेज के गुरुद्वारे में आयोजित यह अरदास सेवा हमारी 140वीं वर्षगांठ की आध्यात्मिक शुरुआत है। हम भविष्य में ऐसे और अवसरों की उम्मीद करते हैं, जो सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा दें।

### बटाला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार

**बटाला।** बटाला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक व्यक्ति को कांग्रेस नेता बताया जा रहा है। सदर पुलिस थाने के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाकर इन आरोपियों को दबोचा। उनके पास से नशीले पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नशीले पदार्थ जब्त किए। गिरफ्तार लोगों में से एक का नाम गुरकीरत सिंह उर्फ कालू बताया जा रहा है, जिसे कुछ लोग कांग्रेस नेता के रूप में पहचानते हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से यह पुष्टि नहीं की है कि वह कोई राजनीतिक पदाधिकारी है या नहीं। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस प्रमुख विक्रम सिंह ने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस पूरी तत्परता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि न केवल नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले, बल्कि इन्हें खरीदने-बेचने वाले और डीलरों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जांच जारी है और यदि कोई बड़ा नेटवर्क सामने आता है तो उस पर भी सख्त कार्रवाई होगी। यह गिरफ्तारी बटाला में नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की मुहिम का हिस्सा है। पुलिस का कहना है कि शहर और आसपास के इलाकों में नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नशीले पदार्थों की तस्करी या बिक्री की कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# विकसित भारत में रहेगी हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका : सैनी

## नई औद्योगिक नीति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के बल पर 2047 के विकसित भारत लक्ष्य में प्रदेश देगा योगदान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। हरियाणा सरकार ने पिछले बजट में 10 नई आईएमटी बनाने की घोषणा की थी। इनमें से 6 आईएमटी पर तेजी से काम चल रहा है बाकि 4 आईएमटी का काम भी जल्द पूरा किया जाएगा। जीएसटी में प्रदेश पहले स्थान पर है। हरियाणा में रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर इतना बेहतर है कि साढ़े तीन से चार घंटे में एक कोने से दूसरे कोने में जाया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट, चंडीगढ़ एयरपोर्ट और हिसार एयरपोर्ट की सीधे कनेक्टिविटी है। इन सभी को ध्यान में रखकर निवेशक निरंतर हरियाणा में आ रहे हैं, इससे विकसित भारत में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। हरियाणा ने हर क्षेत्र में बनाई पहचान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1966 में जब हरियाणा- पंजाब से अलग होकर एक नया प्रदेश बना तो हर किसी को प्रदेश की तरक्की पर शक था लेकिन हरियाणा ने तेजी से तरक्की की और अपनी अलग पहचान बनाई। आज भारत की सेना में हर दूसरा जवान हरियाणा से है। खेलों में यदि भारत के मेडल आते हैं तो उसमें सबसे ज्यादा योगदान हरियाणा के खिलाड़ियों का होता है। फॉर्च्यून 500 कंपनियों में से 250 हरियाणा में काम कर रही हैं। आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चिरिंग में हरियाणा देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश सरकार जल्द ही नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाने वाली है।

इससे और निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐसी प्लॉनिंग के साथ स्थापित किया जा रहा है कि आने वाले 50 सालों तक कोई दिक्कत न आए। गन्नौर में फ्रूट मंडी बनकर लगभग तैयार है। वहीं खारी बावली की ड्राई फ्रूट मार्किट, मार्बल मार्किंग और अमृतसर की मजीद मार्किट को भी हरियाणा में स्थापित करने की योजना है। वहां के व्यापारियों ने हरियाणा में स्थापित होने वाली मंडी में आने के लिए रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब प्राकृतिक खेती में भी पहचान बनाएगा। वहीं पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए उन्होंने किसानों से पराली न जलाने का आह्वान किया। इसके बाद 95 प्रतिशत तक पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई। बेहतर पराली प्रबंधन के लिए माननीय न्यायालय ने प्रदेश का उदाहरण दिया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 55 साल देश पर शासन किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महज 11 साल के शासन में देश की तस्वीर बदलने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 5 गुणा कम समय मिला लेकिन उन्होंने भारत को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी भूमिका नहीं निभा रहा। प्रधानमंत्री ने भारत को 5वीं आर्थिक शक्ति बनाने का लक्ष्य रखा था, उन्होंने यह कर दिखाया। उनके नेतृत्व में सरकार हर पैमाने पर खरा उतरी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा भारत और यूरोपियन संघ के साथ हुए भारत-यूरोपियन मुक्त व्यापार समझौते के बाद उन्होंने हरियाणा यूरोपियन व्यापार संघ की बैठक की।

इसमें उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए, जिन्हें हरियाणा के आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। गुरुग्राम के निचले इलाकों के लिए एक ड्रेन की प्लानिंग की गई है। वहीं पीने के पानी की समस्या के लिए ऐसी योजना तैयार की गई है कि गुरुग्राम को आने वाले 50 वर्षों तक कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक यश गर्ग, एचएसआईआईडीसी के सीसीआई सुनील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है, शिक्षा से बनते हैं विद्यार्थी अच्छे नागरिकः विधायक

## विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने नकल न करने और पानी व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**भिवानी.** स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी लोक सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुति के साथ दी गई । इस अवसर पर हिट एंड रन स?क सुरक्षा, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण, नकल न करने व नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विधायक घनश्याम सर्राफ व मुख्य वक्ता डॉ.राजेश कुमार छ्र्स्ररू पीजीआई भिवानी ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फिजिकली चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने की। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य महंत चरण दास महाराज का रहा। कार्यक्रम में संयोजक सदाचारी शिक्षा समिति की अध्यक्ष सावित्री यादव रही। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप समाजसेवी अमित गोयल , समाजसेवी सचिन जैन, डॉक्टर ऋषभ कुमार, पशु चिकित्सा विभाग से अवशेष कुमार, स्वास्थ्य विभाग से सुभाष यादव, अनुराग बैंकेट हाल के निदेशक रामनिवास, झज्जर से शिक्षाविद विजेंद्र यादव, विद्यालय प्राचार्या समी यादव,राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सतीश यादव, मास्टर दयानंद ग्रेवाल, मास्टर कपिल वर्मा, अमन हलवास, स्वास्थ्य कर्मी वंदना देवी, सामाजिक कार्यकर्त्ता अंजु शर्मा, शिक्षाविद सरला अग्रवाल,सामाजिक कार्यकर्ता उर्मिला सैनी, अनिता सैनी, कविता रानी, बबीता देवी, ललिता देवी, सुनना देवी, प्रवक्ता कपिल वर्मा ,सुमित मलिक, रामा सैनी ,उषा देवी, अनीता रानी, कविता रंगा, वर्षा देवी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विदाई संकल्प कार्यक्रम में शामिल रहे। विद्यार्थी की संकल्प फेयरवेल पार्टी में बोलते हुए भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ , डॉक्टर राजेश कुमार डीएमएस पीजीआई भिवानी और पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है और इन्हीं के द्वारा देश को मजबूत किया जा सकता है। इनमें से कोई देश का अधिकारी बनेगा तो इन्हीं में से नेता व डॉक्टर बनेगा।कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है और एक अच्छी शिक्षा के बल पर ही हमें देश को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और अपने माता-पिता व शिक्षकों के साथ-साथ समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ते हैं और आगे बढ़ाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। विदाई पार्टी का उद्देश्य यह नहीं कि हम किसी को छोड़कर जा रहे हैं बल्कि विदाई पार्टी का उद्देश्य यही होता है कि हम अगली मंजिल को प्राप्त करने के लिए अपने एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचते हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर पवन उर्फ मूसा घायल, गिरफ्तार

**हिसार.** हिसार पुलिस की सीआईए टीम ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के दौरान गांव मोठ लुहारी निवासी गैंगस्टर पवन उर्फ मूसा को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उसके बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ करीब 35 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पीएसआई नवीन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी पीरांवाली गांव (एनएच-52) के पास किसी वारदात की योजना बना रहा है। इसके बाद सीआईए की दो टीमें गठित कर पुल बगला रोड के पास घेराबंदी की गई। पुलिस के रुकने के इशारे पर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पीएसआई नवीन कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिससे वे बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को घेरकर उसके पैर में गोली मारी और काबू कर लिया। उसके पास से .32 बोर की पिस्टल, एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक आरोपी हिसार सेक्टर-14 और बरवाला में हुई लूट की वारदातों में वांछित था। 29 अक्टूबर को उसने खुद को गुरुग्राम साइबर क्राइम अधिकारी बताकर बीएएमएस डॉक्टरों से करीब ढाई लाख रुपये ट्रांसफर करवाए थे।

# जनविरोधी नीतियों से आहत हरियाणा- जवाबदेही से बचती मौजूदा सरकार : राव नरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़.** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि-प्रधान देश है, जिसमें हरियाणा का योगदान अतुलनीय रहा है। राज्य का कृषि क्षेत्र न केवल राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि जीडीपी वृद्धि में भी निर्णायक सहयोग देता है। लेकिन अफसोस की बात है कि केंद्र और राज्य की वर्तमान सरकारों की नीतियां लगातार किसानों और हरियाणा वासियों के हितों के विपरीत साबित हो रही हैं। हाल ही में भारत-अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील ने हरियाणा के किसानों पर सीधा प्रहार किया है। इस डील के तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों को शून्य टैरिफ पर भारतीय बाजार में प्रवेश की अनुमति मिलने से देशी किसानों की फसलों—जैसे मक्का, ज्वार, कपास और अन्य की कीमतें धराशायी हो सकती हैं।यह डील किसानों के खिलाफ एक खुला षड्यंत्र है, जो उनकी आजीविका को छीनने का काम कर रही है। किसान संगठनों ने पहले ही इसका विरोध शुरू कर दिया है और कांग्रेस पार्टी हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। हम इस अन्यायपूर्ण समझौते का पुरजोर विरोध करते हैं और किसानों के हको की रक्षा के लिए हर संभव संघर्ष करेंगे।

इसी तरह, बुजुर्गों की ओल्ड एज सम्मान भत्ता योजना में किए गए बदलाव बुजुर्गों के सम्मान और गरिमा पर सीधा आघात हैं। सरकार ने पेंशन की पात्रता को बच्चों की आय से जोड़कर एक तुगलकी फरमान जारी किया है, जो सरासर अन्याय है। बुढ़ापा पेंशन का उद्देश्य बुजुर्गों को स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर देना था, न कि उन्हें अपमानित करना। यह नीति गरीब और मध्यम वर्ग के बुजुर्गों से उनका हक छीन रही है। बुजुर्गों में इस फैसले से गहरा रोष व्याप्त है।

एचपीएससी की भर्तियों में भी हरियाणा के शिक्षित युवाओं के साथ घोर अन्याय हो रहा है। राज्य में प्रतिभाशाली और योग्य युवा भरमार हैं, फिर भी एचपीएससी द्वारा की जा रही भर्तियों में बाहर के राज्यों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। क्या हरियाणा में प्रतिभा का अकाल पड़ गया है? बिल्कुल नहीं! यह सरकार हरियाणवी युवाओं के रोजगार छीनकर उन्हें निराशा की ओर धकेल रही है, जबकि अन्य राज्यों के युवाओं को यहां की नौकरियां बांटी जा रही हैं। क्या हरियाणा के युवा गुजरात या अन्य राज्यों में नौकरियां पा रहे हैं? नहीं! तो फिर यहां की नौकरियों में भेदभाव क्यों? इन भर्तियों में धांधली की आशंका गहराई से जांच की मांग है। यह हरियाणा के युवाओं के साथ शर्मनाक व्यवहार है। राशन कार्ड के मामले में भी सरकार की मनमानी चरम पर है। गरीब परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा का एकमात्र माध्यम राशन कार्ड है, लेकिन सरकार ने लाखों राशन कार्ड निर्ममता से रद्द कर दिए हैं।

# पहले विकास में नंबर 1 हरियाणा आज क्राइम में नंबर 1 पर : दीपेन्द्र हुड्डा

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पहले हरियाणा विकास में नंबर 1 होता था अब क्राइम में नंबर 1 पर है। उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों को पछाड़ कर हरियाणा देश में क्राइम की नंबर 1 राजधानी बन गया है। हरियाणा की बीजेपी सरकार केवल भाषणबाजी कर रही हैं और तमाशा देख रही जबकि आम जनता में डर का माहौल है। पूरे प्रदेश में लोग अब कहने लगे हैं कि अब तो जिंदा रहने को ही विकास समझें और अपनी रक्षा स्वयं करें। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा आज गंभीर कानून-व्यवस्था संकट से गुजर रहा है। लगातार समाचार पत्रों और क्राइम रिपोर्ट्स में चौंकाने वाले तथ्य उजागर हो रहे हैं कि राज्य में हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर नेटवर्क और अन्य संगठित अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उन्होंने हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्जस्न) की एक ताज़ा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विदेशों से ऑपरेट कर रहे लगभग 50 से अधिक गैंगस्टर हरियाणा के नामी-गिरामी लोगों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों से रंगदारी वसूलने सहित संगीन आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलिप्त हैं। यह तथ्य अपने आप में दर्शाता है कि राज्य में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। ये अपराधी फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए पासपोर्ट बनवाकर अमेरिका, कनाडा, यूरोप, खाड़ी देशों आदि से गैंग चला रहे हैं और फोन कॉल, धमकियाँ देना, हत्या जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसके अलावा, अपराधियों का यह नेटवर्क यहाँ कम उम्र के शूटरों, सहयोगियों के जरिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के नौजवान बेरोजगारी से हताशा, हताशा से नशा और नशे से अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं। बेरोजगारी अपराध और नशे की जननी है। हरियाणा में गाँव के गाँव नौजवानों से खाली हो चुके हैं। केंद्र सरकार की सामाजिक प्रगति रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य है। हरियाणा में जो युवा कभी उद्यमी बनते थे, आज उन्हें अपराधी बनाया जा रहा है। क्राइम रेट के हिसाब से हरियाणा यूपी, बिहार जैसे ब? राज्यों से कहीं आगे निकल चुका है। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में रोज 3 से 4 हत्या, रेप की 5 वारदातें होती है। मर्डर रेट और रेप क्राईम में हरियाणा पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। यही रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में हर रोज अपहरण के 10 मामले सामने आते हैं। भाजपा राज में प्रदेश अपराधियों की शरणस्थली बन गया है। नये-नये गैंग, अंडरएज शूटर तेजी से उभर गये हैं। कब आपके ऊपर गोली चल जाए या फिरौती की कॉल आ जाए कोई भरोसा नहीं। अपराध का ये आलम है कि गुंडे-बदमाश बड़े कारोबारियों, विधायकों तक को धमकियां देकर फिरौती मांग रहे हैं।

## एक नजर

### ब्रह्माकुमारी आश्रम सबलपुर, थाना छप्पर में धूमधाम से मनाया गया 90 वां महाशिवरात्रि पर्व

**यमुनानगर** थाना छप्पर सबलपुर स्थित ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक केंद्र में 90 वां महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आध्यात्मिक संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने महाशिवरात्रि को %परमात्मा शिव की अवतरण रात्रि% बताते हुए, काम, क्रोध, मोह, ईर्ष्या और नफरत जैसी बुराइयों को त्यागकर सात्विक जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने शिरकत की। वशिष्ठ अतिथि के तौर पर जिला परिषद सदस्य विनित कौर, सरपंच विशाल सैनी, डॉ प्रवीण कुमार, राजीव आर्य, पूर्व सरपंच लाल सिंह पिंजोरी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ब्रह्माकुमारी आश्रम की संचालिका बीके प्रियंका दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मा के परमात्मा से मिलन का पर्व है, जिसे नियमित राजयोग और ध्यान के माध्यम से मनाया जाता है। परमपिता शिव जब भूमि पर अवतरित होते हैं, तब कलयुग से सतयुग की स्थापना होती है और वे विश्व कल्याण करते हैं। इस दौरान भारी संख्या में भक्त जनों ने भाग लेकर परमात्मा शिव की याद में जागरण किया। इस अवसर पर अनुराधा दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मा के परमात्मा से मिलन का महापर्व है। राजयोग के माध्यम से मन की शुद्धता, स्थिरता एवं शांति को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। दीदी ने बताया यह आत्मा-परमात्मा के दिव्य मिलन की रात्रि है।

### 3200 रूपये मासिक सर्वाधिक पेंशन देने वाला हरियाणा बना देश का पहला राज्य : कौशिक

**भिवानी.** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और इनेलो पेंशन के मुद्दे पर जनता के बीच भ्रम फैलाकर अपनी झूठ की दुकान चलाने की कोशिश कर रहे हैं। गांव सांगा में आयोजित अपने भव्य सम्मान समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कौशिक ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार बुजुर्गों का सम्मान करने में देश में सबसे आगे है और किसी भी पात्र व्यक्ति की पेंशन नहीं काटी गई है। सम्मान समारोह के आयोजक ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुरेश सांगा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री सुनील धारेडू ने किया। वीरेंद्र कौशिक ने पिछली सरकारों के कार्यकाल की तुलना करते हुए बताया कि बीजेपी सरकार ने बुजुर्गों के लिए सबसे अधिक काम किया है। उन्होंने कहा कि इनेलो ने 5 साल में मात्र 200 रूपये, कांग्रेस ने 10 साल में 700 रूपये तथा भाजपा ने 11 साल में 2200 रूपये की रिकॉर्ड वृद्धि की है तथा अब 3200 रूपये मासिक सर्वाधिक पेंशन देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना है। कौशिक ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष उंगली कटवाकर शहीद बनने की कोशिश कर रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी ने लाभार्थियों की संख्या 17 लाख से बढ़ाकर अब 20 लाख 31 हजार 367 कर दी है। विपक्ष द्वारा आय सीमा को लेकर फैलाए जा रहे झूठ पर कौशिक ने स्पष्ट किया कि आय सीमा सबसे पहले 13 अगस्त 1992 को कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गई थी, तब पेंशन मात्र 100 रुपये थी। समारोह में कौशिक ने कहा कि सरकार केवल पेंशन ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की भी चिंता कर रही है।

### देश की स्वाधीनता तथा स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक नींव रखने में सरोजिनी नायडू का योगदान अविस्मरणीय है : रीतिक वधवा

**भिवानी.** देश में आज राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है. भारत में हर साल 13 फरवरी को स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है 7 वे हमारे देश की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं.आज उनकी जयंती मनाई जा रही है 7 स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की 7 श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रखर सेनानी एवं %भारत कोकिला% सरोजिनी नायडू जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।देश की स्वाधीनता तथा स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक नींव रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। नारी शक्ति के उत्थान के प्रति उनका अटूट समर्पण हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप यादव, रामकिशन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक दूल्हेडी ,डॉ हरीश गोस्वामी ,राजीव शर्मा, सुनील यादव, एडवोकेट राकेश वत्स ,दलवीर, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी ,अजीत तिगड़ी, भूपेंद्र तिगड़ी, सुरेंद्र , कृष्ण यादव , पंकज कुमार, मनीष कुमार, नवीन कुमार, हेमंत , ढिल्लू देवसर , डॉ. योगेश , पंकज तिलक ,राजेश गाबा ,अरविंद, राजन , दीपक कुमार शिवदत्त चांदना , नरेंद्र कुमार सनी अमित कमार ने भी स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

### हनुमान गेट चौक क्षेत्र में सड़क धंसने का मुख्य कारण मिला पुराना ठप्प नाला

भिवानी. स्थानीय हनुमान गेट चौक पर बार-बार धंस रही सड़क का मुख्य कारण यहां पाइपलाइन ज्वाइंट में मामूली लीकेज और पुराने ठप्प हुए नाले से निकलता पानी पाया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं, जल्द ही समस्या दूर कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि हनुमान गेट चौक पर सड़क बार-बार धंस रही थी। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यह मामला डीसी साहिल गुप्ता के संज्ञान में आया। डीसी ने तुरंत प्रभाव से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को इस समस्या को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता कपिल देव ने बताया कि यहां पर समस्या का कारण तलाश किया गया तो कुछ पेयजल पाइप की जॉइंट में लीकेज पाई गई, जो कि ठीक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी यहां पर पानी जमा होता दिखाई दिया। इस पर खुदाई की गई तो पता चला कि यहां कोई पुराना ठप्प नाला है। उन्होंने बताया कि जल्दी इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। विभाग के कर्मचारी इस समस्या को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि एमआईएम होंडा एजेंसी के पास पानी लीकेज की समस्या को पहले ही ठीक किया जा चुका है।

### महाराज श्री हरिकिशन दास जी ने अपने आशीष वचनों से विद्यार्थियों को किया लाभान्वित

**भिवानी।** आज वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बच्चों के सर्वांगीण विकास में संस्कार और संस्कृति की बहुत भूमिका होती है। आज का विद्यार्थी देश का भविष्य है। संस्कारों के बिना मनुष्य पशु तुल्य है। हमें अपनी प्राचीन संस्कृति को जीवंत रखना है। उक्त कथन आज स्थानीय वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में वृंदावन से पधारे महाराज श्री हरि किशन दास जी के सानिध्य में बच्चों को संबोधित करते हुए वैश्य मॉडल स्कूल प्रबंधनकारिणी समिति के महासचिव श्री बृजलाल सराफ जी ने कहे। इस अवसर पर महाराज श्री हरि किशन दास जी ने विद्यार्थियों को अपने अमृतमयी वचनों से लाभान्वित करते हुए कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमें भंवरा बनना होगा।

खेलकूद

## उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविधालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन

# कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता




**भिवानी.** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय एवं एआईयू द्वारा गांव अलखपुरा में आयोजित पांच दिवसीय उतर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 में बतौर मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद प्रधान सुनील लाम्बा पधारे। समापन समारोह में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी का डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक एवं अलखपुरा ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने अपने संबोधन में कहा कि सफल आयोजन और विश्विद्यालय का मान बढ़ाने के लिए सबका धन्यवाद। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी मानवीय संपदा खिलाड़ी,कलाकार, किसान,उद्योगपति,समाजसेवी हैं। भारत की आत्मा गांव और अध्यात्म में बसती है। अक्सर गांव विश्वद्यालय की ओर जाते हैं लेकिन हमारा विश्वविद्यालय सरकार की चलो गांव की ओर मुहिम के तहत गांव में आया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न 20 विश्वविद्यालयों से आई बेटियों ने इस चैम्पियनशिप में जो अपने कौशल एवं प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है इसके लिए सभी बेटियां बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जीत एक पड़ाव है अभी इनको सफलता की और ऊंचाइयों को हासिल करना है। हम सबकी ओर से विजेता टीमों को बधाई, जिन्हे पदक नहीं मिला वो निराश न हों, वे भविष्य में और अधिक मेहनत कर,पहले से अधिक मजबूत हो आगे की तैयारी करते हुए सफलता की ओर बढ़ें । विश्वविद्यालय द्वारा गांव अलखपुरा में स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने का प्रस्ताव सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। आज अलखपुरा ने इतिहास रचा है। उन्होंने आह्वान किया कि अलखपुरा खेल के साथ शिक्षा की भी अलख जगाए । यहां की बेटियां ग्रुप डी व सी के अतिरिक्त उच्च पदों पर जाएं। स्पोर्ट्स काउंसिल प्रधान डॉ मितेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। पहला लीग मैच चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा के बीच हुआ, जो कड़े मुकाबले में 0-0 पर ड्रॉ घोषित किया गया। दूसरा लीग मैच गुरु नानक देव युनिवर्सिटी अमृतसर और जीजेयू हिसार के बीच हुआ जिसे गुरु नानक देव युनिवर्सिटी अमृतसर ने 3-01 से जीजेयू हिसार को हराकर विजय प्राप्त की। तीसरा मैच जीजेयू हिसार और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा के बीच खेला गया जिसमें जीजेयू हिसार ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराकर जीत हासिल की। चौथा लीग मैच गुरु नानक देव युनिवर्सिटी अमृतसर और चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी के बीच हुआ जिसमें चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की टीम ने 2-0 से विजय हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार विजय प्राप्त की। विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रो एलटी सिंह ने इस आयोजन को शानदार बताते हुए विश्वविद्यालय एवं गांव अलखपुरा की सराहना की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक ने कहा कि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में गांव अलखपुरा में यह उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 बहुत शानदार रूप से संपन्न हुई है।

# कौन है कृति खरबंदा का हैलो वैलेंटाइन? पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर बिखेरा रोमांस



वैलेंटाइन डे के मौके पर जहां सभी अपने प्यार का इजहार कर रहे हैं, वहीं कृति खरबंदा ने भी अपने पति पुलकित सम्राट को हेलो वैलेंटाइन कहते हुए अपना प्यार जताया है। फिलहाल वैलेंटाइन डे पर इस प्यार भरे इजहार के साथ कृति ने कपल की एक रोमांटिक तस्वीर भी साझा की है, जिसने फैंस का दिल तुरंत जीत लिया है। कैज़ुअल लेकिन स्टाइलिश आउटफिट्स में नज़र आ रहे इस कैंडिड तस्वीर में कृति और पुलकित का खुशमिज़ाज अंदाज़ साफ झलक रहा है, और उनकी केमिस्ट्री तस्वीर को और भी खास बना रही है। विशेष रूप से बिना किसी भारी-भरकम शब्दों के, सादे से कैप्शन के साथ इस तस्वीर की भावनाएं, जिस खूबसूरती से कृति ने बयां की है, उसने उनके फैंस को बेहद इम्प्रेस कर दिया है। गौरतलब है कि कृति और पुलकित अपने क्यूट सोशल मीडिया मोमेंट्स के साथ खुले-आम प्यार जताने के लिए जाने जाते हैं। शादी के बाद से ही यह जोड़ी फैंस को अपनी वेकेशन डायरीज़, सेलिब्रेशन पोस्ट्स और रोज़मर्रा की झलकियों से लगातार खुश करती रहती है। यही वजह है कि वैलेंटाइन डे पर पुलकित कृति की तरफ से आए इस पोस्ट के लाइव होते ही कुछ ही मिनटों में इसे हज़ारों लाइक्स और कमेंट्स मिल गए। फैंस ने दिल वाले इमोजी, प्यार भरे मैसेज और शुभकामनाओं से कमेंट सेक्शन भर दिया।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कृति और पुलकित दोनों ही अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ को खूबसूरती से बैलेंस कर रहे हैं। लेकिन इस वैलेंटाइन डे पर अपने बि ?ी शेड्यूल में से समय निकालकर अपने प्यार पर फोकस करना, उनके फैंस को बहुत भा रहा है। तो अब आप समझे कि आखिर क्यों कृति और पुलकित को इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक माना जाता है? क्योंकि हर बार वे अपनी सादगी, सहज आकर्षण और सच्चे प्यार की वजह से अपने फैंस को इम्प्रेस कर ही देते हैं।

# मृणाल ठाकुर ने इस खास इंसान को लगाया लगे, शेयर की अपने दिल की बात





अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने शहर में जल्द रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं। वेलेंटाइन वीक के यादातर दिन अभिनेत्री ने अपने को-स्टार सिद्धांत के साथ लगभग हर दिन स्पेशल सेलिब्रेशन किया है, लेकिन हग डे उन्होंने अपने स्पेशल वन के साथ सेलिब्रेट किया, लेकिन यह कोई रोमांटिक पार्टनर नहीं बल्कि अभिनेत्री की को-स्टार संदीपा धर हैं। दोनों ने हग डे बड़े ही खास अंदाज में सेलिब्रेट किया, जो गर्ल पावर और दोस्ती का खूबसूरत उदाहरण है। उन्होंने इसकी तस्वीर शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट की। इस तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाती नजर आईं। दोनों ने ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है, जो उनके ग्रीन फ्लैग (कोई अछा, सपोर्टिव और पॉजिटिव व्यक्ति) होने का संकेत भी दिखा रहा है। मृणाल ने लिखा, हग डे खत्म होता है, दो सुंदरी के साथ। वेलेंटाइन वीक के छठे दिन यानी 12 फरवरी को हर साल हग डे मनाया जाता है। इस दिन कपल या फिर कोई व्यक्ति अपने स्पेशल वन को टाइट हग करके स्पेशल फील करवाते हैं। साथ ही प्यार, अपनापन और इमोशन्स का इजहार करते हैं। इससे पहले भी मृणाल ने वेलेंटाइन के यादातर दिन सिद्धांत के साथ सेलिब्रेट किए थे, जिसके वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। सबसे यादा रोज डे का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सिद्धांत ने मृणाल के साथ रोज डे अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट किया था। वीडियो में मृणाल एक जगह पर हैं, और पीछे से सिद्धांत अचानक अभिनेत्री के पास आकर उनके ऊपर छाता खोलते हैं, तो छाते में लगे हुए सारे गुलाब मृणाल के ऊपर गिर जाते हैं। फिल्म दो दीवाने शहर में एक इमोशनल और रोमांटिक कहानी है, जिसमें प्यार, रिश्तों और जिंदगी के उतार-चढ़ाव दिखाए गए हैं।

# ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी! सारेगामा ला रहा एनिमेटेड फिल्म 'शिव सती'

संगीत और मनोरंजन की प्रमुख कंपनी सारेगामा ने एक बड़ी और रोमांचक घोषणा की है। कंपनी एनिमेटेड फीचर फिल्म 'शिव सती' लेकर आ रही है, जो इसी साल देश भर के थिएटर्स में रिलीज होगी। यह फिल्म भगवान शिव और माता सती की दिव्य प्रेम कथा पर आधारित है, जिसे ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी के रूप में पेश किया जा रहा है। शिव-सती की कथा प्रेम, त्याग, समर्पण और दिव्य मिलन की प्रतीक है। एनिमेटेड फॉर्मेट में यह बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को आकर्षित कर सकती है। सारेगामा इंडिया लिमिटेड ने अमेजिंग इंडियन स्टोरीज के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट को तैयार किया है। फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक एनिमेशन तकनीक का इस्तेमाल होगा। इसे बड़े पर्दे के लिए स्पेशल लार्ज फॉर्मेट में तैयार किया जा रहा है, ताकि दर्शकों को भव्यता, भावनाएं और दृश्यों का कमाल महसूस हो। फिल्म के निर्देशक मशहूर राइटर-फिल्ममेकर विवेक आंचलिया हैं, जिन्होंने पहले 'नैशा', 'तिकदम' और 'राजमा चावल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाई है। विवेक आंचलिया इस प्रोजेक्ट को कटिंग-एज एनिमेशन के साथ टाइमलेस कहानी को जोड़कर एक शानदार अनुभव के लिए तैयार कर रहे हैं। फिल्म अभी प्रोडक्शन के दौर में है। सारेगामा ने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह एनिमेटेड फिल्म भारतीय पौराणिक कथाओं को नए अंदाज में पेश करेगी, जिसमें स्केल, इमोशन और स्पेक्टेकल भरपूर होगा। यह घोषणा वैलेंटाइन डे पर आई है, जो प्रेम की थीम वाली कहानी के लिए फिट बैठती है। सारेगामा पहले भी कई सफल प्रोजेक्ट्स में शामिल रही है और अब एनिमेशन के क्षेत्र में कदम रखकर भारतीय माइथोलॉजी को ग्लोबल स्तर पर ले जाने की कोशिश कर रही है। भगवान शिव पर आधारित कई एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, दो यूट्यूब के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध हैं। ये पौराणिक कथाओं को मजेदार तरीके से पेश करती हैं। इन एनिमेटेड फिल्मों में द डांसिंग गॉड शिवा, जिसमें भगवान शिव के तांडव नृत्य और उनकी शक्ति दिखाई गई है। वहीं, शिव पार्वती में शिव और पार्वती की प्रेम कथा और विवाह की खूबसूरत कहानी है।

# सेवा के साथ संतुष्टि से भरपूर पेशा

## चाइल्ड काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर



**बदली** जीवनशैली से बड़ी संख्या में विद्यार्थी मानसिक तनाव, सीखने की कठिनाइयों और व्यावहारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे विशेष शैक्षिक जरूरतें भी रखते हैं। इसीलिए कई शिक्षा बोर्डों ने स्कूलों में काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति को अनिवार्य किया है। ऐसे में इन दोनों पेशों की मांग लगातार बढ़ रही है। आज का विद्यालय केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने का स्थान नहीं रहा। बदलती जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक दबाव, डिजिटल दुनिया और विविध प्रकार की सीखने की जरूरतों ने बच्चों की मानसिक व शैक्षिक चुनौतियों को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में स्कूलों में चाइल्ड काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर की भूमिका अत्यंत आवश्यक हो गई है।


ये दोनों पद न केवल बच्चों के जीवन को दिशा देते हैं, बल्कि युवाओं के लिए एक अर्थपूर्ण, सम्मानजनक और संतोषजनक कैरियर विकल्प भी प्रस्तुत करते हैं।

काउंसलर वह प्रशिक्षित पेशेवर होता है जो बच्चों और किशोरों की मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक तथा व्यावहारिक समस्याओं को समझता है और समाधान हेतु मार्गदर्शन देता है। वे बच्चों को आत्म-विश्वास, तनाव प्रबंधन, परीक्षा भय, व्यवहार सुधार, रिश्तों की समझ और कैरियर चयन में सहायता प्रदान करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्पेशल एजुकेटर वे शिक्षक होते हैं जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों—जैसे सीखने में कठिनाई (लर्निंग डिफिकल्टीज), ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता, दृष्टि या श्रवण बाधा आदि—के साथ काम करते हैं। ये शिक्षक सामान्य पाठ्यक्रम को बच्चे की क्षमता के अनुसार ढालकर उसे सीखने योग्य बनाते हैं।

स्कूलों में चाइल्ड काउंसलर बच्चों की भावनात्मक स्थिति का आकलन करते हैं, व्यक्तिगत व समूह काउंसलिंग करते हैं, अभिभावकों को मार्गदर्शन देते हैं और शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार को समझने में सहयोग करते हैं। वे कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम, जीवन-कौशल सत्र और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां भी संचालित करते हैं। वहीं स्पेशल एजुकेटर बच्चों की पहचान (स्क्रीनिंग), मूल्यांकन और उनके लिए व्यक्तिगत शिक्षा योजना (इंडिविजुअल एजुकेशन प्रोग्राम) बनाते हैं। वे समावेशी कक्षा में शिक्षक के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि विशेष आवश्यकता वाला बच्चा भी मुख्यधारा में सीख सके। अनिवार्यता की वजह हाल के वर्षों में यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में छात्र मानसिक तनाव, सीखने की कठिनाइयों और व्यावहारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार लगभग 10-15 फीसदी बच्चे किसी न किसी प्रकार की विशेष शैक्षिक आवश्यकता रखते हैं, जबकि किशोरों में तनाव और चिंता की समस्या तेजी से बढ़ी है। इसी को देखते हुए सीबीएसई सहित कई शिक्षा बोर्डों ने स्कूलों में काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य है सुरक्षित, सहयोगी और समावेशी विद्यालय वातावरण तैयार करना। जॉब के लिए योग्यताएं चाइल्ड काउंसलर बनने के लिए किसी भी विषय में, (मनोविज्ञान को वरीयता) स्नातक , गाइडेंस एंड काउंसलिंग / मनोविज्ञान / स्कूल काउंसलिंग में डिप्लोमा / डिग्री / परास्नातक योग्यता अनिवार्य है। स्पेशल एजुकेटर बनने के लिए विशेष शिक्षा में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन या बीएड (स्पेशल एजुकेशन) चाहिये। (दोनों ही कोर्स रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त होने जरूरी हैं)। पाठ्यक्रम में प्रवेश की न्यूनतम योग्यता डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन हेतु न्यूनतम योग्यता 10+2 उत्तीर्ण तथा इस पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष है। वहीं बी एड (स्पेशल एजुकेशन) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा अवधि 2 वर्ष है। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा / पीजी डिप्लोमा इन काउंसलिंग हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा अवधि 1 से 2 वर्ष होती है। प्रवेश सामान्यतः मेरिट, प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार के आधार पर होता है। प्रमुख शिक्षण संस्थान व फीस सरकारी संस्थानों में जैसे राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन संस्थान (एनआईईपीआईडी), राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान, राज्य स्तरीय रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त कॉलेज आदि में फीस अपेक्षाकृत कम होती है—लगभग रुपए 5,000 से रुपए 20,000 प्रति वर्ष। निजी संस्थानों में यह फीस अधिक हो सकती है। कैरियर अवसर और वेतन पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद अभ्यर्थी स्कूलों, विशेष विद्यालयों, पुनर्वास केंद्रों, गैर सरकारी संगठनों तथा काउंसलिंग क्लीनिक में कार्य कर सकते हैं। आरंभिक वेतन सामान्यतः रुपए 20,000 से रुपए 40,000 प्रति माह होता है, जो अनुभव और संस्था के अनुसार बढ़ता जाता है। चाइल्ड काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर अपना स्वयं का परामर्श केंद्र स्थापित कर सकते हैं। चाइल्ड काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर का कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि मानव सेवा का एक संवेदनशील और प्रभावशाली माध्यम है। इस क्षेत्र में कैरियर चुनने वाला व्यक्ति बच्चों के भविष्य को संवारते हुए स्वयं भी गहरी आत्म-संतुष्टि अनुभव करता है। बदलती शिक्षा व्यवस्था में इन पेशों की मांग लगातार बढ़ रही है.

> **मानसिक स्वास्थ्य, समावेशी शिक्षा और विशेष जरूरतों वाले बच्चों के मार्गदर्शन में बढ़ती भूमिका**

# बचपन की तस्वीरों में छुपा है श्रुति हासन का मिजाज, अभिनेत्री ने लिखा, 'तस्वीरें सब बयां करती हैं'



अभिनेत्री श्रुति हासन अपने शानदार अभिनय से न सिर्फ साउथ सिनेमा, बल्कि बॉलीवुड में भी राज करती हैं। उन्होंने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और नॉस्टेल्जिक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उनके बचपन से लेकर अब तक की तस्वीरें शामिल हैं। वहीं, श्रुति ने वीडियो में लिखा, किसी लड़की के बचपन की तस्वीरों से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व की झलक साफ दिखाई देती है। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, मैं तो हमेशा से ही बहुत मूडी रही हूं, हाहा। श्रुति का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कई यूजर्स उनके कमेंट सेक्शन पर शानदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। श्रुति सिर्फ अभिनेत्री होने के साथ-साथ गायिका और संगीतकार भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवाई। इस बात से बहुत कम लोग वाकिफ हैं, लेकिन श्रुति ने अपने करियर की शुरुआत अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि गायिका और संगीतकार के रूप में की थी। उन्होंने महज छह साल की उम्र में ही अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया था। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म चाची 420 (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म हे राम में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम रामा रामा भी गाया था। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म निर्देशक पवन सादिनेनी की फिल्म आकासमलो ओका तारा में नजर आएंगी। फिल्म में अभिनेत्री के साथ दुलकर सलमान और सत्विका वीरवल्ली अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म को गीता आर्ट्स और स्वप्ना सिनेमा ने प्रस्तुत किया है। इसके प्रोड्यूसर संदीप गुन्नम और रम्या गुन्नम हैं। यह एक एडवेंचर-ड्रामा फिल्म है। श्रुति के जन्मदिन पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया था। फिल्म को पैन-इंडिया में रिलीज होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई साफ तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। इसी के साथ ही श्रुति ने एसएस राजामौली की मेगा बजट फिल्म वाराणसी के लिए म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरवानी के साथ मिलकर गाने को आवाज दी है।

# रीढ़ की हड्डी मजबूत, पाचन बेहतर और तनाव दूर करने में कारगर 'सरल धनुरासन'



**घंटों** गलत पोस्चर में बैठे रहने से हड्डियां और मांसपेशियां न केवल कमजोर होती जाती हैं बल्कि शरीर कई रोगों की जद में आ जाता है। ऐसे में एक्सपर्ट बस कुछ मिनटों के लिए सरल धनुरासन के अभ्यास की सलाह देते हैं। यह आसन तन मन दोनों को स्वस्थ रखता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सरल धनुरासन की जानकारी साझा की है। यह आसन धनुरासन का आसान रूप है, जो शरीर को धनुष की तरह आकार देता है। यह न केवल रीढ़ की हड्डी को मजबूत और लचीला बनाता है, बल्कि पाचन तंत्र को बेहतर करने, तनाव कम करने और स्वास्थ्य सुधारने में भी मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से झुके हुए कंधे सीधे होते हैं, पीठ की समस्याएं दूर होती हैं और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। सरल धनुरासन एक आसान योग मुद्रा है, जिसे अभ्यास की शुरुआती स्टेज वाले लोग भी आसानी से कर सकते हैं। यह पेट के अंगों की मालिश करता है, जिससे कब्ज, अपच जैसी समस्याएं कम होती हैं। साथ ही यह थायरॉइड और एड्रिनल ग्रंथियों को संतुलित रखने में सहायक है, हार्मोनल असंतुलन को नियंत्रित करता है और मानसिक शांति देता है। योग एक्सपर्ट का कहना है कि रोजाना कुछ मिनट इस आसन का अभ्यास करने से शरीर में लचीलापन आता है और शरीर के साथ ही मन भी स्वस्थ रहता है। सरल धनुरासन के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। माथा जमीन पर रखें और पूरा शरीर आरामदायक स्थिति में हो। पैर सीधे और साथ-साथ रखें। अब घुटनों को मोड़ें और दोनों हाथों से टखनों (या एड़ियों) को अच्छी तरह पकड़ लें। इस दौरान गहरी सांस लें और धीरे-धीरे सिर, छाती तथा घुटनों को जमीन से ऊपर उठाएं। शरीर को धनुष की तरह आकार दें ताकि पीठ में खिंचाव महसूस हो। इस स्थिति में 10-20 सेकंड तक या जितना सहज हो सके रुकें, सामान्य सांस लेते रहें। इसके बाद धीरे-धीरे शुरुआती मुद्रा में आएं। हालांकि, कुछ सावधानियां बरतनी भी जरूरी है। गर्भवती महिलाएं, हाई ब्लड प्रेशर, हर्निया, हाल की सर्जरी या गंभीर पीठ, गर्दन की समस्या वाले लोग बिना विशेषज्ञ सलाह के न करें। शुरुआत में ज्यादा जोर न लगाएं, धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com